# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय,अल्मोड़ा, उत्तराखंड

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा– 263601

**परीक्षा नियंत्रक**

www.ssju.ac.in Email- coessjualmora@gmail.com


**पत्रांक संख्या :** SSJU/Exam/2026 / 7580(A) **दिनांक** 09.09.2026

सेवा में,

समस्त परिसर निदेशक/प्राचार्य/समर्थ प्रभारी/परीक्षा प्रभारी

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

महोदय,

कृपया पूर्व में SEC/VAC/AEC की परीक्षा के संबंध में जारी पत्र का संज्ञान लेने का कष्ट करें जिसके अंतर्गत उपरोक्त परीक्षाओं के संबंध में आवश्यक स्पष्टता प्रदान की गई थी। उक्त के संबंध में पुनः निम्नलिखित आदेश निर्गत किए जा रहे हैं–

1. SEC/VAC एवं AEC की परीक्षा आयोजित किए जाने हेतु मुख्य परीक्षा से पूर्व पृथक परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।
2. SEC/VAC एवं AEC परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को कुल आठ प्रश्न उपलब्ध कराए जाएंगे। उक्त प्रश्न मुख्य परीक्षा से लगभग 20 दिन पूर्व जारी किए जाएंगे तथा परीक्षा प्रभारियों एवं प्राचार्यों के ई.मेल एवं संबंधित ग्रुप के माध्यम से प्रेषित किए जाएंगे। परीक्षा प्रभारी/परिसर निदेशक समर्थ प्रभारी द्वारा उक्त प्रश्न संबंधित विभागाध्यक्ष को उपलब्ध कराए जाएंगे। ताकि वह विद्यार्थियों को उक्त के संबंध में अवगत कराए।
   आठ प्रश्नों में से विद्यार्थियों को मात्र पाँच प्रश्नों के उत्तर असाइनमेंट के रूप में प्रस्तुत करने होंगे।
3. विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक प्रश्न का उत्तर हस्तलिखित प्रारूप में A4 शीट पर दिया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक उत्तर न्यूनतम 400 शब्द तथा अधिकतम 750 शब्दों में होना चाहिए।
4. विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए उक्त उत्तरों को एक बुकलेट के रूप में व्यवस्थित कर स्टेपल अथवा टैग लगाकर परीक्षा कक्ष में परीक्षा अवधि के दौरान संबंधित कक्ष निरीक्षक को विद्यार्थी का नाम आने पर उपलब्ध कराना होगा।
5. उक्त परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को वेरिफिकेशन फॉर्म में अपनी उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा तथा संबंधित कक्ष निरीक्षक द्वारा उक्त वेरिफिकेशन फॉर्म पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। ताकि ये साक्ष्य रहे कि विद्यार्थियों ने यथासमय उत्तरपुस्तिका जमा कर दी गई है।
6. परीक्षा की निर्धारित तिथि को यदि कोई विद्यार्थी अनुपस्थित रहता है तो उसे उक्त परीक्षा में अनुपस्थित माना जाएगा तथा संबंधित विद्यार्थी की उत्तर.पुस्तिका (असाइनमेंट) परीक्षा समाप्त होने के उपरांत स्वीकार नहीं की जाएगी। ऐसे विद्यार्थियों को अनुपस्थित मानते हुए आगामी सेमेस्टर (विषम) में आयोजित होने वाली परीक्षा में उक्त परीक्षा पुनः देनी होगी। संबंधित विद्यार्थी का उक्त विषय का परीक्षाफल रोकते हुए शेष परीक्षाफल घोषित किया जाएगा।
7. परीक्षा उत्तर.पुस्तिका(असाइनमेंट) जमा करने हेतु एक निर्धारित प्रथम पृष्ठ का प्रारूप सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। सभी विद्यार्थियों के लिए उक्त प्रारूप को अपने असाइनमेंट के प्रथम पृष्ठ पर लगाना अनिवार्य होगा। उक्त प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न किया जाएगा।
8. परीक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएँ –

क. प्रश्नपत्र में कुल आठ प्रश्न दिए जाएंगे जिनमें से विद्यार्थियों को मात्र पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

ख. प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का होगा तथा परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी।

ग. उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा तथा निर्धारित प्रारूप में कुल प्रश्न संख्या लिखना भी अनिवार्य होगा।

घ. उपरोक्त SEC/VAC एवं AEC परीक्षाओं को संबंधित पाठ्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित परीक्षा के रूप में मानते हुए इनका मूल्यांकन कराया जाएगा।

**विशेष:** उपरोक्त व्यवस्था केवल वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए लागू रहेगी।

परीक्षा नियंत्रक
Controller Of Examinations
Soban Singh Jeena University
Almora-263601
(Uttarakhand)

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ प्रेषित –

1. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रारूप संलग्न

# Soban Singh Jeena University, Almora

Name of Campus/ Institute: ----------------------------------------------------------------

Student Roll No: ----------------------------------------------------------------

In (Number) : ----------------------------------------------------------------

In( Words) : ----------------------------------------------------------------

Student Enrollment No: ----------------------------------------------------------------

In (Number): ----------------------------------------------------------------

In( Words): ----------------------------------------------------------------

Class: ------------------------------ Semester:--------------------------

Paper name: ----------------------------------------------------------------

Paper Code: ----------------------------------------------------

Day of Examination:----------------------------------------------------

Date of Examination:----------------------------------------------------

Signature of Invigilator: ----------------------------------------------------

Name of Invigilator: ----------------------------------------------------

Number of sheets used: ---------------------------

Seal And Signature of

Center Superintendent